हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
बुधवार, 06 मई 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर ★/नगर
www.livehindustan.com

Page No-1, Right Middle

ऐलान : नीट और जेईई मेन्स परीक्षा जुलाई में

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा जेईई और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की तिथियों की घोषणा कर दी है। जेईई 18-23 जुलाई और नीट की परीक्षा 26 जुलाई को होगी। परीक्षाएं अप्रैल और मई महीने में होती थी, लेकिन कोरोना महामारी के चलते इन्हें टाल दिया गया था।

मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने मंगलवार को छात्रों से ऑनलाइन संवाद के दौरान तिथियों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि

दसवीं की बोर्ड परीक्षा नहीं

देशभर में दसवीं कक्षा के छात्रों के बचे हुए पेपरों की अब परीक्षा नहीं ली जाएगी। अब ये परीक्षा खत्म मानी जाए। मानव संसाधन विकास मंत्री ने ट्वीट करके ये जानकारी दी।

जेईई मेन परीक्षा के लिए पांच दिन रखे गए हैं। 18, 20, 21, 22 एवं 23 जुलाई को यह परीक्षा होगी। आईआईटी व शीर्ष संस्थानों में प्रवेश के लिए जेईई-एडवांस परीक्षा अगस्त में होगी।

> यूपी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जुलाई में आना संभव पेज 07